दिन–शुक्रवार दिनांक– 12 / 07 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. केन्द्र सरकार ने प्रति वर्ष पच्चीस जून को संविधान हत्या दिवस मनाने का फैसला किया। इसी दिन तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने वर्ष उन्नीस सौ पचहत्तर में देश में आपातकाल लगाया था।

02. पूर्व अग्निवीरों को केंद्रीय बलों की नियुक्ति में दस प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलेगा। नियुक्ति में आयु सीमा में मिलेगी छूट।

03. विश्वासमत हासिल करने में विफल रहने के बाद नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने अपने पद से इस्तीफा दिया। के.पी. शर्मा ओली के प्रधानमंत्री बनने की सम्भावना।

04. और, प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता से बारिश का सिलसिला जारी। पिछले चौबीस घंटों के दौरान वज्रपात की अलग–अलग घटनाओं में इक्कीस लोगों की मौत।

———————————————————————————

केन्द्र सरकार ने पच्चीस जून को संविधान हत्या दिवस मनाने का फैसला किया है। इस दिन तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने वर्ष उन्नीस सौ पचहत्तर में देश में आपातकाल लगाया था। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इस फैसले का उद्देश्य आपातकाल से प्रभावित करोडों लोगों की भावनाओं का सम्मान करना है, जिन्होंने लोकतंत्र की बहाली के लिए संघर्ष किया था। उन्होंने कहा कि संविधान हत्या दिवस मनाने से व्यक्तिगत स्वतंत्रता की लौ जलाए रखने में मदद मिलेगी और देश के लोकतंत्र की रक्षा होगी।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि संविधान हत्या दिवस उन घटनाओं का स्मरण कराएगा, जब भारत के संविधान को रौंदा गया था। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि यह दिन हर उस व्यक्ति को श्रद्धांजलि देने का भी दिन है, जिसने आपातकाल की ज्यादतियों को सहा था और कांग्रेस ने भारतीय इतिहास में एक काला अध्याय लिखा था।

———————————————————————————

नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। श्री प्रचंड संसद में विश्वासमत हासिल करने में विफल रहे। प्राप्त जानकारी के अनुसार सीपीएनयूएमएल के के.पी. शर्मा ओली नेपाली कांग्रेस के साथ मिलकर जल्द ही सरकार बनाने का दावा पेश कर सकते हैं।

———————————————————————————————

पटना उच्च न्यायालय ने नीट पेपर लीक मामले में बिहार पुलिस द्वारा गिरफ्तार किये गये सभी तेरह आरोपियों को पन्द्रह दिनों की सीबीआई रिमांड पर सौंपने का आदेश दिया है। इसमें पेपर लीक मामले का सरगना रॉकी भी शामिल है। इससे पहले आज हजारीबाग के ओएसिस स्कूल के प्राचार्य अहसानुल हक और उपप्राचार्य इम्तियाज सहित चार लोगों को सीबीआई की रिमांड पूरी होने के बाद पटना के बेउर जेल भेज दिया गया।

———————————————————————————————

पूर्व अग्निवीरों को केंद्रीय बलों की नियुक्ति में दस प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलेगा। सीमा सुरक्षा बल, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल और सशस्त्र सीमा बल जैसे केंद्रीय बलों के प्रमुखों ने कहा कि पूर्व अग्निवीरों को आयु में छूट मिलेगी और उनके लिए कोई शारीरिक दक्षता परीक्षा भी नहीं होगी। अग्निपथ योजना पर बहस के बीच केंद्रीय बलों ने ये घोषणा की है। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की महानिदेशक नीना सिंह ने कहा कि फैसले को लागू करने के लिए प्रबंध कर लिए गये हैं।

———बाईट———

इस तैयारी के अंतर्गत अग्निवीरों के लिए कॉस्टेबल पद की भर्ती में 10 प्रतिशत पद आरक्षित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त उन्हें शारीरिक दक्षता परीक्षा में उसमें छूट प्रदान की गई है साथ ही उन्हें आयु सीमा में भी छूट प्रदान की गई है।

सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक नितिन अग्रवाल ने कहा है कि अग्निवीर सैनिकों के रूप में तैयार हो रहे हैं और इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि इससे सभी बल लाभान्वित होंगे।

———बाईट———

चार साल इन्होंने मशक्कत की नौकरी की है तो बीएसएफ के लिए एकदम अनुरूप हैं ये, एक तरह से हमको तैयार सोल्जर्स मिल रहे हैं। इनको तुरंत सीमा पर तैनात करेंगे। सब बलों में इसका लाभ होगा जिसमें भी अग्निवीर जाएंगे। जितनी हमारी वैकेंसीज होंगी उनका 10 प्रतिशत इनके लिए रिजर्व होगा और इनको ऐज की भी छूट है।

———————————————————————————————

राज्य सरकार ने गया, मुजफ्फरपुर, दरभंगा और भागलपुर में मेट्रो रेल परियोजना शुरू करने के लिए सात सौ दो करोड़ रूपये की मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की हुई बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गयी। मंत्रिमंडल ने पटना, मुजफ्फरपुर, गया, भागलपुर, दरभंगा और पूर्णियां में इलेक्ट्रॉनिक बस सेवा शुरू करने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति प्रदान की। इस योजना के तहत एक हजार बत्तीस करोड़ रूपये की लागत से चार सौ नई बस खरीदी जायेगी।

इसके अलावा कैबिनेट ने अरवल, जमुई, शिवहर और बांका समेत इकतीस जिलों में नये औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी। साथ ही कई शहरों में ई–रिक्शा स्टैंड बनाने के प्रस्ताव को भी मंत्रिमंडल ने मंजूरी प्रदान की है। एक अन्य फैसले में कैबिनेट ने पांचवां वेतनमान पाने वाले राज्य कर्मियों और सेवानिवृति कर्मियों का महंगाई भत्ता सोलह प्रतिशत और छठे वेतनमान वाले कर्मियों का महंगाई भत्ता नौ प्रतिशत बढ़ाने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी।

———————————————————————————————

पटना उच्च न्यायालय समेत प्रदेश की सभी अदालतों में कल राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। इन अदालतों में कई प्रकार के मामलों का आपसी समझौते के आधार पर निपटारा किया जायेगा। दीवानी मामलों के साथ–साथ कुछ प्रकार के फौजदारी मामले, बैंक ऋण विवाद, बिजली बिल, टेलीफोन बिल, मोटरयान दुर्घटना और वैवाहिक विवाद से संबंधित मामलों का लोक अदालत में निष्पादन किया जायेगा।

———————————————————————————————

मॉनसून की सक्रियता से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में लगातार बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान सीतामढ़ी, औरंगाबाद और पूर्वी चम्पारण जिले में कई स्थानों पर भारी बारिश हुई है। सीतामढ़ी के ढेंघरा घाट में सबसे अधिक एक सौ तीस मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान मधुबनी, सुपौल, सीतामढ़ी, शिवहर, सीवान, कैमूर, गोपालगंज और किशनगंज समेत तेरह जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश की सम्भावना है। वहीं, राज्य के शेष हिस्सों में हल्के से मध्यम स्तर की बारिश हो सकती है।

———बाईट———

———————————————————————————————

इधर, प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों के दौरान वज्रपात की अलग–अलग घटनाओं में इक्कीस लोगों की मौत हो गयी। मधुबनी में छह, औरंगाबाद में चार, पटना में दो तथा रोहतास, भोजपुर, जहानाबाद, सारण, कैमूर, गोपालगंज, लखीसराय, मधेपुरा और सुपौल में एक–एक व्यक्ति की मौत हुई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वज्रपात से हुई मौत पर गहरी शोक संवेदना जताते हुये मृतकों के परिजनों को चार–चार लाख रूपये अनुग्रह अनुदान देने की घोषणा की है।

———————————————————————————————

नेपाल के तराई क्षेत्र में हो रही भारी बारिश के चलते गंडक, बागमती, कमला बलान, कोसी, महानंदा और अधवारा समूह की नदियां उफान पर है।

————————————————————————————————————————————

नदियों के जलस्तर में हो रही बढ़ोतरी से निचले इलाकों में लगातार बाढ़ का पानी फैल रहा है। पश्चिम चम्पारण से हमारे संवाददाता ने बताया कि वाल्मीकिनगर गंडक बराज से पानी छोड़े जाने के कारण कई नये इलाके बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं।

———बाईट———

जिले के योगापट्टी प्रखंड के कई गांव बाढ़ की चपेट में हैं। वहीं, बगहा के शास्त्रीनगर और पारस नगर में गंडक नदी का दबाव बना हुआ है। वाल्मीकिनगर थाना क्षेत्र में लक्ष्मीपुर रमपूरवा पंचायत के चकदहवा, बीन टोली, कान्ही टोला और झंडुटोला का सम्पर्क बगहा—वाल्मीकिनगर मुख्य पथ से टूट गया है। इन बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों के सामने खाने—पीने की समस्या उत्पन्न हो गयी है। साथ ही इन क्षेत्रों में बिजली संचरण सेवा भी प्रभावित हुई है। आकाशवाणी समाचार के लिए बेतिया से आशीष कुमार।

पूर्वी चम्पारण जिले में भी गंडक नदी भीषण कटाव कर रही है। संग्रामपुर, पुछड़िया और मलाही टोला के पचास से अधिक घर कटाव के मुहाने पर है। गंडक की पेटी में बसे लोगों ने पलायन शुरू कर दिया है। इधर, भागलपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि लगातार हो रही बारिश के चलते कोसी और गंगा नदी उफान पर है।

———बाईट———

जिले के रंगरा प्रखंड में गंगा नदी के कटाव की रफ्तार तेज हो गयी है। वहीं, मदरौनी और जहांगीरपुर के साथ—साथ नवगछिया के खरीक सिंगकुंड में कोसी नदी कटाव कर रही है। कटाव से तीनटंगा दियारा के दक्षिणी पंचायत के ज्ञानीदास टोला, कुतरूदास टोला, बिंद टोली और तीनटंगा दियारा उत्तरी पंचायत के सिमरिया और नवटोलिया सहित आधे दर्जन गांवों के लोगों में भय का माहौल है। इधर, कहलगांव प्रखंड क्षेत्र के तौफिल से लेकर रानी दियारा तक गंगा के कटाव का दायरा बढ़ गया है। आकाशवाणी समाचार के लिए भागलपुर से विनोद कुमार।

हमारे सुपौल संवाददाता ने बताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। एक रिपोर्ट—

———बाईट———

कोसी नदी का जलस्तर बढ़ने के पूर्वी कोसी तटबंध के अंदर ढोली, बनैनिया, बलथरवा, कटैया, भुलिया, सियानी, बैसा, तकिया, उग्रीपट्टी, कबियाही, करहरी, मोरा, झहुरा, सनपतहा और छपकी समेत कई गांव में बाढ़ का पानी लोगों के घर—आंगन में फैल गया है। सरायगढ़ प्रखंड के अंचलाधिकारी धीरज कुमार ने बताया कि बाढ़ की स्थिति को देखते हुये पूर्वी कोसी तटबंध के अंदर पैंतालीस नाव का परिचालन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विभिन्न घाटों पर गोताखोरों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। साथ ही प्रभावित परिवारों के बीच राहत सामग्री भी उपलब्ध करायी जा रही है। आकाशवाणी समाचार के लिए सुपौल से रविशंकर चौधरी।

मधुबनी जिले में बाढ़ की स्थिति दिन–प्रतिदिन और बिगड़ती जा रही है। ब्यौरा हमारे संवाददाता से।

–––बाईट–––

मधुबनी जिले में कोसी, कमला बलान और भूतही बलान नदी की बाढ़ से लगभग एक लाख की आबादी प्रभावित है। जिले के मधेपुर और मधवापुर प्रखंड बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित है। इधर, भूतही बलान नदी में उफान के कारण मधेपुर प्रखंड के दवालख पंचायत क्षेत्र में जानकीनगर घाट के पास बाढ का पानी मुख्य सड़क पर आ गया है। वहीं, स्थानीय बरसाती नदियों के जलस्तर में बढोतरी के कारण मधवापुर प्रखंड के पीरोखर डायवर्सन के ऊपर से पानी का बहाव हो रहा है। इसके चलते लोगों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही है। आकाशवाणी समाचार के लिए मधुबनी से आकील हुसैन।

दरभंगा में कमला बलान नदी का पानी कुशेश्वरस्थान पूर्वी प्रखंड की इटहर–चौकिया सड़क पर चढ़ गया है। इटहर पंचायत के सभी गांव पानी से घिर गये हैं। शिवहर में भी बागमती नदी लगातार कटाव कर रही है। इधर, अररिया से हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले से होकर गुजरने वाली कई छोटी नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी से बाढ़ जैसे हालात बन गये हैं।

–––बाईट–––

जिले से होकर गुजरने वाली परमान, नूना, बकरा, रतवा और भलुआ नदी तबाही मचाने लगी है। इसके अलावा जिले के नरपतगंज प्रखंड क्षेत्र होकर बहने वाली कजरा, सुरसर, खरहा, अरनामा, कजरा और गेरूआ समेत कई धार भी उफान पर है। नदियों के जलस्तर में वृद्धि से सिकटी, पलासी, कुर्साकांटा, नरपतगंज और जोकीहाट प्रखंड के आधा दर्जन पंचायतों के निचले और नए इलाकों में बाढ़ का पानी फैल गया है। नरपतगंज में बजरंगबली चौक से प्रखंड मुख्यालय जाने वाली सड़क पर कटाव होने से आवागमन बाधित होने की आशंका है। आकाशवाणी समाचार के लिए अररिया से गौतम सिंह सहगल।

कटिहार में महानंदा, गंगा और कोसी नदी के जलस्तर में हो रही बढ़ोतरी से कई निचले इलाकों पर बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। सहरसा में भी बाढ़ की स्थिति में कोई सुधार नहीं है।

———————————————————————————

अररिया जिले के बथनाहा थाना क्षेत्र के सोनापुर में बूढ़ी नदी पार करने के दौरान गहरे पानी में डूबने से एक किसान की मौत हो गई।

———————————————————————————

जमुई जिले के गिद्धौर थाना क्षेत्र अन्तर्गत रतनपुर चौक के पास एक तेज रफ्तार बस की चपेट में आने से ई–रिक्शा सवार एक बच्ची की मौत हो गयी जबकि चार अन्य घायल हो गये।

———————————————————————————

कैमूर पुलिस ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट के माध्यम से धार्मिक भावनाओं को आहत करने के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर....

01. केन्द्र सरकार ने प्रति वर्ष पच्चीस जून को संविधान हत्या दिवस मनाने का फैसला किया। इसी दिन तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने वर्ष उन्नीस सौ पचहत्तर में देश में आपातकाल लगाया था।

02. पूर्व अग्निवीरों को केंद्रीय बलों की नियुक्ति में दस प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलेगा। नियुक्ति में आयु सीमा में मिलेगी छूट।

03. विश्वासमत हासिल करने में विफल रहने के बाद नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने अपने पद से इस्तीफा दिया। के.पी. शर्मा ओली के प्रधानमंत्री बनने की सम्भावना।

04. और, प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता से बारिश का सिलसिला जारी। पिछले चौबीस घंटों के दौरान वज्रपात की अलग–अलग घटनाओं में इक्कीस लोगों की मौत।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।